**SITAPUR POLICE**

**"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"**






**प्रेस नोट**

**जनपद सीतापुर**

**"जन-जन की समस्याओं का त्वरित समाधान, सीतापुर पुलिस का यही है अभिमान"**

# I.G.R.S. रैंकिंग में सीतापुर पुलिस का स्वर्णिम प्रदर्शन: उत्तर प्रदेश में जनपद को मिला प्रथम स्थान, सभी 28 थाने भी रहे अव्वल

दिनांकः- 04.08.2026

उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की दिशा में सीतापुर पुलिस ने एक नया आयाम स्थापित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री अंकुर अग्रवाल के कुशल नेतृत्व और सूक्ष्म पर्यवेक्षण में सीतापुर पुलिस ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई प्रणाली (IGRS) तथा समेकित शिकायत निवारण प्रणाली पर प्राप्त आवेदनों के निस्तारण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए माह जुलाई-2026 की प्रदेश स्तरीय आईजीआरएस रैंकिंग में पहला स्थान (Rank-1) प्राप्त किया है। शासन द्वारा जारी मूल्यांकन रिपोर्ट में जनपद सीतापुर पुलिस को कुल 125 में से 125 अंक (100 प्रतिशत) प्राप्त हुए हैं,

इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे शिकायतों का समयबद्ध और न्यायपूर्ण निस्तारण सबसे प्रमुख आधार रहा है। मूल्यांकन अवधि के दौरान सीतापुर पुलिस ने शिकायत निस्तारण के सभी कड़े मानकों का शत-प्रतिशत पालन किया, जिसके परिणामस्वरूप जनपद में डिफाल्टर संदर्भों की संख्या शून्य (0.00 प्रतिशत) दर्ज की गई।

सीतापुर पुलिस की इस उपलब्धि की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यह प्रदर्शन केवल जिला मुख्यालय या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे जनपद में एकसमान दिखाई दिया। मूल्यांकन प्रणाली के अंतर्गत जनपद के समस्त 28 थानों के प्रदर्शन को शामिल किया गया था, और सभी 28 थानों ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम श्रेणी हासिल की है।

शिकायत निस्तारण प्रक्रिया का सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू पीड़ितों और आवेदकों की संतुष्टि होता है, जिसमें सीतापुर पुलिस का प्रदर्शन बेहद सराहनीय रहा है। समीक्षा अवधि के दौरान आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त कुल 7,385 शिकायतों में से 6,879 आवेदकों ने पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई और समाधान

पर पूर्ण संतोष व्यक्त किया। इस प्रकार सीतापुर पुलिस ने 93.15 प्रतिशत का उच्च संतोषजनक फीडबैक दर्ज कराया, जो प्रदेश के अन्य जनपदों के लिए भी एक अनुकरणीय उदाहरण है। आवेदकों द्वारा दर्ज कराया गया यह विश्वास सीतापुर पुलिस की निष्पक्ष और जन-केंद्रित कार्यप्रणाली को प्रमाणित करता है।

इस अभूतपूर्व और गौरवपूर्ण उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक **श्री अंकुर अग्रवाल एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिण)/नोडल अधिकारी आईजीआरएस श्री दुर्गेश कुमार सिंह** ने आईजीआरएस सेल प्रभारी (निरीक्षक राय सिंह), उनकी पूरी टीम, समस्त क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों तथा इस कार्य में संलग्न सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की और उन्हें हार्दिक बधाई दी।

| क्रम संख्या | थाना | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रदेश में प्राप्त स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कोतवाली नगर | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 2 | रामकोट | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 3 | खैराबाद | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 4 | महिला थाना | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 5 | कोतवाली देहात | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 6 | हरगांव | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 7 | लहरपुर | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 8 | तम्बौर | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 9 | तालगांव | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 10 | बिसवां | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 11 | मानपुर | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 12 | सकरन | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 13 | रेउसा | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 14 | महोली | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 15 | इमलिया सुल्तानपुर | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 16 | पिसावां | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 17 | सिधौली | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 18 | अटरिया | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 19 | कमलापुर | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 20 | रामपुरकलां | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 21 | मिश्रिख | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 22 | नैमिषारण्य | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 23 | संदना | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |
| 24 | मछरेहटा | 100 | 100 | प्रदेश में प्रथम |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **25** | महमूदाबाद | 100 | 100 | **प्रदेश में प्रथम** |
| **26** | रामपुर मथुरा | 100 | 100 | **प्रदेश में प्रथम** |
| **27** | थानगांव | 100 | 100 | **प्रदेश में प्रथम** |
| **28** | सदरपुर | 100 | 100 | **प्रदेश में प्रथम** |